आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

शुक्रवार 12.06.2025

समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना की जांच शुरू की।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वन संरक्षण के साथ ही वन संपदाओं को लोगों की आजीविका से जोड़ने के निर्देश दिये।
- मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर परियोजना के तहत प्रस्तावित 25 परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।
- **और,** बाल श्रम रोकथाम के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और इसे समाप्त करने के उद्देश्य से देहरादून में राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

**विमान दुर्घटना जांच**

विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है। नागर विमान मंत्री राम मोहन नायडू ने बताया कि जांच, अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन की निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले की विस्तृत जांच के लिये विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की समिति गठित कर रही है। एयर इंडिया ने अहमदाबाद से लंदन जा रहे विमान की दुर्घटना में दो सौ इक्तालीस लोगों की मृत्यु होने की पुष्टि की है। विमान कल दिन में अहमदाबाद में हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटना ग्रस्त हो गया था। विमान में 2 पायलट और 10 चालक दल के सदस्यों सहित कुल 242 यात्री थे। इसमें 169 भारतीय, ब्रिटेन के 53, पुर्तगाल के 7 और कनाडा का एक यात्री सवार थे। रमेश कुमार विश्वास नाम के एक यात्री इस दुर्घटना में सुरक्षित बच गए।

**वन संपदा–आजिविका का जरिया**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वन संरक्षण के साथ ही वन संपदाओं को लोगों की आजीविका से जोड़ने के लिये विशेष प्रयास करने के निर्देश दिये हैं। देहरादून में वन्यजीव बोर्ड की 21वीं बैठक आयोजित में श्री धामी ने वन विभाग को निर्देश दिए कि ईकोलॉजी और ईकोनॉमी के संतुलन के साथ आगामी 10 वर्षों के लिए विस्तृत योजना तैयार की जाए और वन क्षेत्रों के आस–पास ईको–टूरिज्म को बढ़ावा दिया जाए।

मानव–वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को कम करने और मुआवजा वितरण को तेज करने के लिए डिजिटल ट्रैकिंग सिस्टम लागू करने के निर्देश भी दिए गए। हल्द्वानी में जू एंड सफारी के निर्माण कार्य में तेजी लाने और वन विश्राम गृहों का पर्यटन की दृष्टि से बेहतर उपयोग करने को कहा गया। चौरासी कुटिया के जीर्णोद्धार कार्यों में तेजी और महासीर मछली के संरक्षण के लिए भी विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में संरक्षित क्षेत्रों और उनके आसपास के वन भूमि हस्तांतरण से जुड़े कुल 25 प्रस्तावों को राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड को भेजने की मंजूरी दी गई। रूद्रनाथ यात्रा मार्ग को ईडीसी के माध्यम से संचालित करने और केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग में मिनी ट्रांजिट ट्रीटमेंट सेंटर की स्थापना को सैद्धांतिक सहमति दी गई।

## मानव वन्यजीव संर्घश–हितधारक बैठक

पौड़ी गढ़वाल में गुलदार और मानव के बीच हो रहे संघर्ष को कम करने के लिए एक हितधारक बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम को ''उत्तराखण्ड मा गुलदार को दगड़्या'' नाम दिया गया, जिसका उद्देश्य इंसानों और गुलदारों के बीच सह–अस्तित्व को बढ़ावा देना था।

इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी, पुलिस अधिकारी, वन विभाग, मीडिया, समाजसेवी संस्थाएं और स्कूली बच्चे शामिल हुए।

वन विभाग ने जानकारी दी कि जिले में गुलदारों की संख्या 453 है। पिछले 24 वर्षों में गुलदारों ने 377 लोगों को घायल किया, जबकि 26 वर्षों में 144 लोगों की जान गई है।

कार्यक्रम में प्रभागीय वनाधिकारी स्वप्निल अनिरुद्ध ने बताया कि इस बैठक में प्रशासन, मीडिया और बच्चों को शामिल कर जागरूकता फैलाने की कोशिश की गई है।

## कैंची धाम स्थापना दिवस–तैयारियां

नैनीताल जिले में स्थित प्रसिद्ध कैंची धाम का स्थापना दिवस 15 जून को आयोजित किया जाएगा। इसके लिये देशभर से श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। आयोजन को लेकर प्रशासन ने विशेष तैयारियाँ शुरू कर दी हैं।

श्रद्धालुओं की सुविधा और सुचारु यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से विभिन्न मार्गों पर 15 से अधिक स्थानों को पार्किंग के लिए चिन्हित किया गया है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि वे केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करें।

उप जिलाधिकारी तुषार सैनी ने बताया कि इस वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना है, और प्रशासन संभावित यातायात बाधाओं को दूर करने के लिए आवश्यक प्रबंध कर रहा है।

## यू०आई०आई०डी०बी कार्यकारी समिति बैठक

मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में देहरादून में उत्तराखंड निवेश और अवसंरचना विकास बोर्ड– यू०आई०आई०डी०बी की कार्यकारी समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर परियोजना के तहत प्रस्तावित 25 परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

इन परियोजनाओं में रिवर राफ्टिंग विकास, पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस, आस्था पथ, पार्किंग, संजय झील का पुनर्विकास, जल आपूर्ति, चारधाम यात्रा प्रबंधन, सहित विभिन्न योजनांए शामिल हैं।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य तेजी और पारदर्शिता से पूरे किए जाएं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को ब्रिज और सड़क चौड़ीकरण से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता देने को कहा। रिवर राफ्टिंग प्रोजेक्ट को अंतरराष्ट्रीय स्तर का केंद्र बनाने के निर्देश भी दिए गए।

कांवड़ यात्रा के बेहतर संचालन के लिए देहरादून के माजरी ग्रांट और हरिद्वार के हरिपुर कलां को जोड़ने वाले मार्ग का विस्तृत अध्ययन करने को कहा गया। साथ ही, परियोजना के डिजाइन और क्रियान्वयन को इस तरह से जमीन पर उतारने के निर्देश दिए गए कि ऋषिकेश एक व्यवस्थित, जाम मुक्त और सुगम मोबिलिटी युक्त शहर के रूप में विकसित हो सके।

## राज्य स्तरीय कार्यशाला

विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर देहरादून में उत्तराखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य बाल श्रम की समस्या के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और इससे निपटने के लिए सामाजिक और कानूनी उपायों की समीक्षा करना था।

कार्यशाला का उद्घाटन आयोग की अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना ने किया। उन्होंने कहा कि बाल श्रम जैसी कुरीति को जड़ से खत्म करने के लिए गरीबी, अज्ञानता, बाल तस्करी, घरेलू कामकाज और प्रवास जैसी समस्याओं पर एकजुट होकर काम करना होगा। उन्होंने आयोग द्वारा अब तक किए गए कार्यों की जानकारी दी और भविष्य की रणनीति साझा की।

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों, पुलिस, बाल कल्याण समितियों, समाजसेवी संगठनों, होटल व ढाबा मालिकों, उद्योगपतियों और अन्य प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

<u>**सख्ती/टेंडर प्रक्रिया**</u>

राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में वर्षों से लंबित पड़ी सस्ता गल्ला दुकानों की फाइलें आखिरकार जिलाधिकारी सविन बंसल की सख्ती के बाद प्रक्रिया में आ गईं। जिलाधिकारी ने पूर्ति विभाग की लापरवाही पर संज्ञान लिया और इस मामले में उचित कार्यवाही के लिये 15 दिन का समय दिया। इसके बाद विभाग हरकत में आया और नई दुकानों के लिए टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ की गई।

जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि नगर निगम एवं नगर पालिका क्षेत्रों में 28 नई सरकारी सस्ता गल्ला दुकानों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 27 मई निर्धारित थी, जिसे बढ़ाकर अब 15 जून कर दिया गया है। इन दुकानों के खुलने से अत्यधिक गर्मी, सर्दी अथवा वर्षा में लंबी कतारों में खड़े होने को मजबूर महिलाओं, बुजुर्गों और जरूरतमंदों को बड़ी राहत मिलेगी।

प्रस्तावित नई दुकानों के लिए क्षेत्रवार स्थान तय किए गए हैं, जिनमें देहरादून नगर निगम, ऋषिकेश, मसूरी, सहसपुर, प्रेमनगर, रायपुर, डालनवाला, क्लेमेंटाउन और नेहरूग्राम सहित कई क्षेत्र शामिल हैं।

**और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर——**

अहमदाबाद विमान दुर्घटना के समाचार को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अमर उजाला ने मौत की उड़ान शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया है। हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने लिखा है – उड़ते ही गिरा विमान 265 मरे। दैनिक जागरण लिखता है– अहमदाबाद से लंदन जा रहा बोइंग ड्रीमलाइनर बना आग का गोला।

विमान हादसे के बाद केंद्रीय गृह मंत्री ने घटना स्थल का जायजा लिया। इस समाचार को भी सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता दी है। अमर उजाला ने गृह मंत्री के बयान को लेकर शीर्षक में लिखा है – डीएनए से होगी मृतकों की पहचान, तब ही पता चल पाएगा कितनी मौतें हुई।

वन्य जीव बोर्ड की 21वीं बैठक को लेकर मुख्यमंत्री धामी के वक्तव्य को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता दी है। हिन्दुस्तान ने लिखता है – मुख्यमंत्री ने चौरासी कुटिया जोर्णोद्धार और हल्द्वानी जू एंड सफारी निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। नवोदय टाइम्स ने लिखता है – वन क्षेत्रों के आसपास इको–टूरिज्म को बढ़ावा देने के निर्देश।